# HB PORTFOLIO LIMITED

Regd. Office : Plot No .31, Echelon Institutional Area, Sector - 32, Gurgaon -122001 (Haryana)
Ph. : 0124-4675500, Fax : 0124-4370985, E-mail : corporate@hbportfolio.com
Website : www.hbportfolio.com, CIN No. L67120HR1994PLC034148


**August 31, 2019** **Listing Centre**

**The Listing Department**
**Bombay Stock Exchange Limited,**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers,**
**Dalal Street, Fort**
**Mumbai – 400001**

**Company Code: 532333**

**Sub: - Newspaper Publication – Notice of Board Meeting**

Dear Sir / Madam,

Please find attached copy of Board Meeting Notice published in Business Standard (English & Hindi Edition) on Saturday, 31st August, 2019. Copy of the said publication is also available on the website of the Company, www.hbportfolio.com

You are requested to take the above information on record and oblige.

Thanking you,

Yours truly,
**For HB Portfolio Limited**

**DINESH KAPOOR**
**(Company Secretary & Compliance Officer)**

Encl: As Above

प्राधिकरण (एएआइ) ने राज्य सरकार और अदाणी एंटरप्राइजेज के बीच संयुक्त स्वामित्व ढांचे का विरोध किया है और इसके बजाय उसने हवाई अड्डे का अस्तित्व बरकरार रखे जाने को कहा है।

हालांकि समूह को अप्रैल 2020 तक वे अन्य पांच हवाई अड्डे सौंप दिए जाएंगे जो उसने बोली प्रक्रिया के जरिये हासिल किए हैं। अब तक, समूह को अहमदाबाद, लखनऊ और मंगलूर हवाई अड्डे दिए गए हैं। जयपुर और गुवाहाटी हवाई अड्डों के लिए कुछ कानूनी समस्याएं हैं। केंद्र ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के साथ बातचीत की है। मेहता ने मामलों के निपटान के बाद हवाई अड्डे सौंपे जाने का सुझाव दिया है।

इस घटनाक्रम से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि नागर विमानन मंत्रालय के साथ अपनी बातचीत में केरल सरकार ने एक मॉडल का प्रस्ताव रखा जिसके वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'संयुक्त स्वामित्व ढांचे का प्रस्ताव राज्य द्वारा रखा गया, जिसमें अदाणी की बड़ी हिस्सेदारी होगी, टीआईएएल की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी, जबकि शेष पर खाड़ी के व्यावसायियों के समूह की भागदारी होगी। हालांकि एएआई ऐसे स्वामित्व मॉडल के खिलाफ है।' इस गतिरोध के बारे में पूछे जाने पर नागर विमानन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि केंद्र सरकार समाधान तलाशने के लिए राज्य सरकार के साथ बातचीत कर रही है। नागर विमानन मंत्रालय को इस संबंध में लिखे एक पत्र में एएआई ने कहा है कि या तो हवाई अड्डे को बरकरार रखे जाने या इसका पूरी तरह निजीकरण किए जाने की अनुमति दी जानी चाहिए।

अधिकारी ने कहा, 'संबद्ध पक्ष द्वारा बोली जीतने के बाद आंशिक निजीकरण से मदद नहीं मिलेगी। इसे कानूनी जांच का सामना करना होगा और साथ ही एएआई को ऐसे ढांचे से वित्तीय रूप से भी फायदा नहीं होगा।' पिछले साल नवंबर में सरकार ने पीपीपी मॉडल के जरिये 6 हवाई अड्डों के निजीकरण का निर्णय लिया था जिनमें त्रिवेन्द्रम भी शामिल है।

# एनटीपीसी ने खरगोन में विद्युत संयंत्र शुरू किया

**श्रेया जय**
नई दिल्ली, 30 अगस्त

## इस संयंत्र से कम कोयला खपत और कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन में कमी लाने में मदद मिलेगी

**भारत** की प्रमुख विद्युत उत्पादक एनटीपीसी लिमिटेड ने कहा है कि उसने मध्य प्रदेश के खरगोन में देश की पहली अल्ट्रा-सुपर क्रिटिकल उत्पादन इकाई (660 मेगावॉट) की शुरुआत की है।यह संयंत्र 41.5 प्रतिशत की दक्षता के साथ परिचालन करता है जो पारंपरिक सुपर-क्रिटिकल संयंत्रों के मुकाबले 3.3 प्रतिशत अधिक है।

एनटीपीसी ने एक बयान में कहा है, 'उच्च दक्षता की वजह से सुपर क्रिटिकल संयंत्रों की तुलना में समान मात्रा में बिजली उत्पादित करने के लिए कम कोयला खपत होगी और साथ ही कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन में 3.3 प्रतिशत की कमी आएगी।'

एनटीपीसी खरगोन की कुल क्षमता 660 मेगावॉट क्षमता वाली दो इकाइयों के साथ 1,340 मेगावॉट होगी। कंपनी ने कहा है कि संयंत्र के संचालन के लिए ईंधन और परिवहन प्रणालियों जैसी जरूरी सुविधाएं मौजूद हैं और संयंत्र जल्द ही वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर देगा। अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल विद्युत संयंत्र में पारंपरिक ताप विद्युत इकाई की तुलना में कम कोयले की जरूरत होती है। इससे उत्सर्जन (कार्बन डाईऑक्साइड और पारा समेत) में कमी लाने, दक्षता बढ़ाने और प्रति मेगावॉट बिजली उत्पादन पर ईंधन की लागत घटाने में मदद मिलती है। तापमान परिवर्तन के प्रति भारत की वचनबद्धता के तहत कोयला खपत में कमी लाना और ताप विद्युत उत्पादन के लिए सक्षम एवं किफायती तरीके अपनाना मुख्य लक्ष्यों में शामिल हैं।

# ब्रुकफील्ड की नजर आदित्य बिड़ला रियल्टी फंड पर

**राघवेंद्र कामत**
मुंबई, 30 अगस्त

**कनाडा** की कंपनी ब्रुकफील्ड ऐसेट मैनेजमेंट आदित्य बिड़ला रियल एस्टेट फंड 1 के निवेश की खरीदारी के लिए आदित्य बिड़ला सनलाइफ ऐसेट मैनेजमेंट कंपनी के साथ बातचीत कर रही है। यह संपत्ति फिलहाल परिसमापन की प्रक्रिया में है।

सूत्रों ने बताया कि इस फंड के बैंकरों ने इसके सात निवेश की बिक्री के लिए ब्रुकफील्ड से संपर्क किया है। उन्होंने बताया कि ब्रुकफील्ड फिलहाल उन परिसंपत्तियों का आकलन कर रही है। एक सूत्र ने बताया कि बैंकरों ने अन्य निवेशकों से भी संपर्क साधा है। इस फंड की 13 निवेश परिसंपत्तियां हैं। यह फंड अपने चार निवेश से पूरी तरह बाहर हो



चुका है जबकि एक निवेश में आंशिक बिक्री की है।

इस बाबत जानकारी के लिए आदित्य बिड़ला कैपिटल को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं आया। ब्रुकफील्ड ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इनकार किया।

आदित्य बिड़ला सनलाइफ ऐसेट मैनेजमेंट कंपनी ने 2010 में छह साल की परिपक्वता अवधि के लिए एक फंड शुरू किया था। निवेशकों को लिखे हालिया पत्र में इस फंड मैनेजर के प्रमुख (रियल एस्टेट निवेश सलाह) अक्षत पांड्या ने कहा था कि उसे दो वर्षों के लिए विस्तार पहले ही दिया जा चुका है। इस फंड के जरिये 1,056 करोड़ रुपये जुटाए गए थे। फंड मैनेजर के पत्र में कहा गया है कि निवेशकों को 601 करोड़ रुपये अथवा शुरुआती निवेश का करीब 57 फीसदी रकम लौटाई जा चुकी है।

एक स्वतंत्र मूल्यांकन के अनुसार, मार्च के अंत तक इस फंड का शुद्ध परिसंपत्ति मूल्य 0.89 गुना था। ऐसे में निवेशकों को उनके मूलधन का भी नुकसान हो सकता है। पांड्या ने कहा, 'वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था और रियल एस्टेट (विनियमन एवं विकास) अधिनियम जैसे ढांचागत बदलाव से इस क्षेत्र में मांग को झटका लगा और खपत प्रभावित हुई।'


**एचबी पोर्टफोलियो लिमिटेड**
CIN: L67120HR1994PLC034148
**पंजी. कार्यालय** : प्लॉट नं. 31, एशलॉन इंस्टिट्यूशनल एरिया, सैक्टर–32, गुरुग्राम–122001, हरियाणा
**फोन**: +91-124-4675500; **फैक्स**: +91-124-4370985
**ई-मेल**: corporate@hbportfolio.com
**वेबसाइट**: www.hbportfolio.com

**सूचना**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29 के साथ पठित विनियम 47 के अनुसरण में, एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक **बृहस्पतिवार, 12 सितम्बर, 2019** को आयोजित की जाएगी, जिसमें अन्य के साथ, 30 जून, 2019 को समाप्त प्रथम तिमाही हेतु कम्पनी के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणाम (पृथक्कृत एवं समेकित) विचारित तथा अनुमोदित किए जाएंगे।

यह सूचना कम्पनी की वेबसाइट **www.hbportfolio.com** पर तथा बॉम्बे स्टॉक एक्सचेन्ज (बीएसई लिमिटेड) की वेबसाइट **www.bseindia.com** पर भी उपलब्ध है।

कृते **एचबी पोर्टफोलियो लिमिटेड**
हस्ता./–
**दिनेश कपूर**
**(कम्पनी सचिव)**
**M. No.: FCS-6731**

**तिथि : 30.08.2019**
**स्थान : गुरूग्राम**



**Govt. of West Bengal**
**ABRIDGED NOTICE INVITING e-TENDER for IFQ**

The Additional Project Director, WBADMI Project, 5th floor, ICMARD Building Kolkata -67 invites e-tender for procurement of Fish Feeds from reputed Manufacturer/distributor/ dealers against e-NIT No. ADMIP/IFQ/19-20/11 to 16 of e-Tender Id nos.
**2019_WRDD_241285_1, 2019_WRDD_241323_1, 2019_WRDD_241327_1, 2019_WRDD_241332_1, 2019_WRDD_241336_1 and 2019_WRDD_241337_1.**
Intending Bidders are requested to visit the website: **wbetenders.gov.in** for details & last date for IFQ is on 13.09.19 up to 2.00 PM.

Sd/-
**A. P. D.**
**WBADMI Project**


Business Standard 31/08/2019